भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 801
25 जुलाई, 2023 को उत्तरार्थ

विषय: योजनाओं के नाम बदलना

801. श्री नकुल के. नाथ:

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014 के बाद से सरकार द्वारा मंत्रालय की किन-किन योजनाओं का नाम बदला गया है; और

(ख) वर्ष 2014 के बाद से इन योजनाओं के लिए बजट आवंटन के संबंध में ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) वर्ष 2014 के बाद से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) द्वारा कार्यान्वित किसी भी योजना के नाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। तथापि, भारत सरकार राष्ट्र के लिए हमारे किसानों के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करते हुए, चल रही कृषि योजनाओं की प्रभावशीलता और प्रासंगिकता का लगातार आकलन करती है तथा प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के अनुरूप उन्हें तर्कसंगत बनाती है। साथ ही, सरकार क्षेत्र की उभरती चुनौतियों और आवश्यकताओं का समाधान करने के लिए नई कृषि योजनाएं शुरू कर रही है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

****